# REET 2025

**Level – 1 & 2**

6

# शिक्षा मनोविज्ञान

# अधिगम

REET मे हर बार पूछे जाने वाले प्रश्न

RPN 1 Study Point

**1. अधिगम से तात्पर्य है-**

(a) व्यवहार में अस्थाई परिवर्तन

(b) परिपक्वता के कारण परिवर्तन

(c) अभ्यास एवं अनुभवों के माध्यम से व्यवहार में अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन

(d) बीमारी एवं थकान के कारण व्यवहार में परिवर्तन

**2. सीखना विकास की प्रक्रिया है-**

(a) सारटेन

(b) गेट्स व अन्य

(c) थॉर्नडाइक

(d) वुडवर्थ

3. निम्न में से कौन-सी सीखने की प्रक्रिया की विशेषता नहीं है?

(a) अन-अधिगम भी अधिगम है।

(b) सीखना सतत प्रक्रिया है।

(c) सीखना केवल विद्यालय में होता है।

(d) अधिगम अनुकूलन है।

**4. "अनुभव एवं प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्ति के व्यवहार में होने वाला स्थायी परिवर्तन ही अधिगम है"- यह परिभाषा किसने दी है?**

(a) गेट्स व अन्य

(b) स्कीनर

(c) क्रो एण्ड क्रो

(d) वुडवर्थ

**5. सीखना एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है, जो-**

(a) एक विशेष उम्र के लोगों में पाई जाती है।

(b) अध्यापक से बालक तक आती है।

(c) समस्त प्राणियों में पाई जाती है।

(d) केवल शैक्षिक संस्थान में संभव है।

**6. निम्नलिखित में से अधिगम की विशेषता नहीं है-**

(a) अधिगम अनुभवों का संगठन है।

(b) अधिगम एक निश्चित आयु तक ही होता है।

(c) अधिगम नया कार्य है।

(d) अधिगम आदतों के निर्माण की प्रक्रिया है।

**7. स्कीनर के अनुसार अधिगम है-**

(a) नवीन ज्ञान, आदत एवं अभिवृत्तियों का अर्जन
(b) व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की प्रक्रिया
(c) अनुभव व प्रशिक्षण के द्वारा व्यवहार में परिवर्तन
(d) व्यवहार के कारण व्यवहार में परिवर्तन

8. **निम्न में से कौन सा कथन गलत है ?**

(a) अधिगम समायोजन है।

(b) अधिगम सार्वभौमिक प्रक्रिया है ।

(c) अधिगम हमेशा प्रेक्षणीय/अवलोकनीय होता है।

(d) अधिगम का परिणाम व्यवहार परिवर्तन होता है।

**9. "व्यवहार के कारण व्यवहार में परिवर्तन ही अधिगम है"- यह कथन किसका है?**

(a) गिलफोर्ड
(b) वुडवर्थ
(c) गेट्स व अन्य
(d) गार्डनर मरफी

**10. निम्न में से कौन-सा कथन अधिगम की प्रक्रिया को उचित ढंग से प्रस्तुत करता है?**

(a) कक्षा-कक्ष में अधिगम
(b) संवेदनाओं में परिवर्तन
(c) व्यवहार में परिवर्तन
(d) व्यवहार में अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन

**11. कोई भी बालक सीखना शुरू करता है :**

(a) जब उसे विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाता है।

(b) जब वह बोलना शुरू करता है।

(c) जब वह घर से बाहर निकलता है।

(d) अपने जन्म से ही।

**12. अधिगम प्रतिफल का तात्पर्य है :**

(a) बालक के व्यवहार में होने वाला परिवर्तन

(b) शिक्षक की शिक्षण विधियों में परिवर्तन

(c) पाठ्यवस्तु का परिमार्जन

(d) उपयुक्त में से कोई नहीं

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा सीखने के संबंध में सही नहीं है?**

(a) सीखना कुछ नया करना है।

(b) सीखना अनुभवों का संगठन होता है।

(c) सीखना बिना किसी उद्देश्य के भी हो सकता है।

(d) सीखने की असफलताओं का कारण समझने की असफलताएं है।

**14. निर्देशन एवं अधिगम के बीच समानता है :**

(a) दोनों छात्र केन्द्रित है।

(b) दोनों ही विषय-वस्तु केन्द्रित है।

(c) दोनों पृष्ठपोषण एवं पाठ्यविश्लेषण पर बल देते है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15. अच्छा अधिगम निर्भर करता है-**

(a) शिक्षक पर

(b) छात्रों की सक्रिय रूचि पर

(c) उपयुक्त शिक्षण विधियों एवं सहायक सामग्री के उपयोग पर

(d) उपरोक्त सभी पर

**16. अधिगम के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थिति कौनसी है-**

(a) कक्षा-कक्ष वातावरण

(b) स्पष्ट शैक्षिक उद्देश्य

(c) अध्यापक का सम्प्रेषण

(d) श्रव्य-दृश्य सामग्री का उपयोग

**17. अधिगम की दृष्टि से सर्वोत्तम शिक्षण सामग्री है।**

(a) पाठ्यपुस्तक में दी हुई

(b) बाजार में उपलब्ध

(c) छात्र निर्मित

(d) अध्यापक निर्मित

18. **अधिगम होता है -**

(a) विद्यालय में

(b) विद्यालय के बाहर

(c) दोनों विद्यालय में एवं विद्यालय के बाहर

(d) केवल कक्षा-कक्ष में

**19. सहयोगी अधिगम की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के क्रम में शिक्षक को -**

(a) प्रत्येक विद्यार्थी को व्यक्तिगत गृहकार्य देना चाहिए।
(b) विद्यार्थियों को वाद-विवाद में।
(c) समूह प्रयोजनाएं देनी चाहिए।
(d) उपरोक्त सभी

**20. नवीन ज्ञान की प्राप्ति होती है -**

(a) रटने के द्वारा

(b) ज्ञान के स्थानान्तरण से

(c) अनुभव एवं नवीन अर्थ ढूंढने से

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**21. निम्नलिखित में से कौनसा अधिगम की प्रक्रिया का परिणाम नहीं है?**

(a) ज्ञान
(b) संकल्पना
(c) अभिवृति
(d) परिपक्वता

**22. पुरस्कार और दण्ड का अनुचित प्रयोग अधिगम को बनाता है-**

(a) प्रभावपूर्ण

(b) अधिक उपयोगी

(c) प्रभावहीन

(d) कुछ नहीं कर सकते

**23. कारक जो व्यवहार में स्थाई और अस्थाई के बीच परिवर्तन लाता है-**

(a) मानसिक थकावट

(b) बीमारी

(c) परिपक्वन

(d) प्रशिक्षण

24. **अधिगम की विशेषता क्या है?**

(a) अधिगम व्यवहार में परिवर्तन है।

(b) अधिगम जीवन पर्यन्त सतत् प्रक्रिया है ।

(c) अधिगम उद्देश्यपूर्ण एवं लक्ष्यकेन्द्रित है ।

(d) सभी विकल्प सही हैं।

**25. निम्न में से कौन सी अधिगम की विशेषता नहीं है?**

(a) अधिगम जीवनपर्यन्त चलने वाली सतत् प्रक्रिया है।

(b) अधिगम एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है।

(c) अधिगम उचित समायोजन में सहायक है।

(d) अधिगम मात्र नवीन ज्ञान का अर्जन है ।

**26. अधिगम के विभिन्न सिद्धांत व्याख्या करते हैं -**

(a) अधिगम के उत्पन्न एवं व्यक्त होने की प्रक्रिया का

(b) कौशल अधिगम में बुद्धि के योगदान का

(c) संज्ञानपरक अधिगम में व्यक्तित्व की भूमिका

(d) अधिगम घटित होने में अभिप्रेरणा के महत्त्व का

**27. अधिगम को प्रभावी बनाने के लिए, लक्ष्य को ..........के सन्दर्भ में अर्थपूर्ण होना चाहिए।**

(a) पाठ्यक्रम के उद्देश्य

(b) बौद्धिक विचार

(c) दूसरों के स्तर

(d) विद्यार्थियों की आवश्यकता एवं उद्देश्य

**28. अधिगम की मुख्य विशेषता है कि ये**

(a) व्यवहार में परिवर्तन लाता है।

(b) शारीरिक परिपक्वता को प्रोत्साहित करता है।

(c) प्रत्यक्षीकृत कोशलों की अपेक्षा करता है।

(d) थकान के कारण परिवर्तित होता है।

**29. निम्नलिखित में से किस कथन को सीखने के लक्षण के रूप में नहीं मापा जा सकता?**

(a) सीखना कुछ ऐसी चीज है जो अनुभवों के परिणामस्वरूप घटित होता है।

(b) व्यवहार का अध्ययन सीखना है।

(c) अन-अधिगम भी सीखने का एक हिस्सा है।

(d) सीखना एक प्रक्रिया है जो व्यवहार में परिवर्तन करती है।

**30. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सीखने के बारे में सही है?**

(a) बच्चों द्वारा की गई त्रुटियाँ यह संकेत करती है कि किसी तरह का सीखना नहीं हुआ।

(b) सीखना उस वातावरण में प्रभावी होता है, जो संवेगात्मक कारकों से प्रभावित होता है

(c) सीखने के किसी चरण पर सीखना संवेगात्मक कारकों का प्रभाव नहीं होता है।

(d) सीखना मूल रूप से मानसिक क्रिया है

**31. निम्न में से कौन-सा अधिगम का अनुक्षेत्र नहीं है?**

(a) संज्ञानात्मक
(b) भावात्मक
(c) आध्यात्मिक
(d) क्रियात्मक अनुक्षेत्र

32. 'विद्यालय' अधिगम का किस प्रकार का माध्यम है?

(a) अनौपचारिक माध्यम

(b) निरौपचारिक माध्यम

(c) औपचारिक माध्यम

(d) इनमें से कोई नहीं

**33. सीखने की प्रथम अवस्था में सीखने की गति होती है-**

(a) मंद

(b) सामान्य

(c) तेज

(d) कोई नहीं

**34. निम्नलिखित में से कौन-सा सीखना अधिक स्थायी होता है?**

(a) देखकर सीखना (b) सुनकर सीखना

(c) करके सीखना (d) रटकर सीखना

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम प्रक्रिया का सही तार्किक क्रम है?**

(a) आवश्यकता → तत्परता → परिवर्तन → बाधा

(b) आवश्यकता → तत्परता → बाधा → परिवर्तन

(c) बाधा → आवश्यकता → तत्परता → परिवर्तन

(d) परिवर्तन → बाधा → आवश्यकता → तत्परता

**36. अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक हैं-**

(a) विद्यालय का भौतिक वातावरण

(b) विद्यालय का शैक्षिक वातावरण

(c) परिवार का शाब्दिक वातारण

(d) उपर्युक्त सभी

**37. निम्नलिखित में से अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक हैं?**

(a) पूर्वज्ञान

(b) सीखने की इच्छा

(c) परिपक्वता

(d) उपर्युक्त सभी

**38. निम्नलिखित में से कौन सा प्रभावी अधिगम का अवरोधक नहीं है?**

(a) प्रेरणा का अभाव

(b) जीवन से न जोड़ना

(c) अधिगम परिस्थिति

(d) इनमें से कोई नहीं

**39.** **अधिगम को प्रभावित करने वाले पर्यावरणीय कारकों में से एक है :**

(a) सामाजिक परिवेश (b) थकावट

(c) मानसिक स्तर (d) इनमें से कोई नहीं।

40. निम्नलिखित में से कौनसी अधिगम की आधारभूत शर्त नहीं है?

(A) संलग्नता (B) प्रतिपादन

(C) अभ्यास (D) पुनर्बलन

नीचे दिए गये कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल (A) (b) केवल (B)

(c) (B) एवं (D) (d) (A) एवं (C)

**41. निम्न में से अधिगम के संज्ञानात्मक अनुक्षेत्र से सम्बन्धित क्रिया है-**

(a) अनुभूति करना।

(b) स्पर्श करना।

(c) क्रोधित होना।

(d) कल्पना करना।

**42. क्रो एवं क्रो के अनुसार अधिगम है प्राप्त करना-**

(a) मात्र ज्ञान
(b) मात्र अभिवृति
(c) ज्ञान और अभिवृति
(d) अनुभव

**43. अधिगम जीवन पर्यन्त प्रक्रिया है, जो पूर्ण होती है :**

(a) विद्यालय में

(b) समाज में

(c) परिवार में

(d) उपरोक्त सभी में

**44. शिक्षा के क्षेत्र में निम्नलिखित में से सबसे महत्वपूर्ण कौनसा है?**

(a) शिक्षक

(b) पाठ्यचर्या

(c) अधिगम प्रक्रिया

(d) शिक्षार्थी

**45. अधिगम को प्रभावित करने वाला शिक्षक से संबंधित कारक है-**

(a) इच्छा शक्ति

(b) अभ्यास

(c) ज्ञात से अज्ञात की ओर

(d) प्रस्तुतीकरण

**46. अधिगम का निष्पादन है-**

(a) अभिवृति (b) ज्ञान

(c) कौशल (d) उपरोक्त सभी

47. सीखने की प्रक्रिया का क्रम क्या है?

(A) बाधा
(B) लक्ष्य
(C) अभिप्रेरक
(D) सफल प्रयत्न
(E) विभिन्न अनुक्रियाएँ

(a) A, B, C, D, E
(b) A, D, E, C, B
(c) C, E, A, D, B
(d) B, E, A, D, C

**48. अधिगम में कौन-सी प्रक्रिया नहीं है?**

(a) व्यवहारगत परिवर्तन

(b) जीवनपर्यन्त संचालित प्रक्रिया

(c) परिपक्वन से व्यवहार परिवर्तन

(d) अभ्यास व अनुभव द्वारा सीखना

**49. अधिगम को प्रभावित करने वाले कारकों में से कौन-सा कारक अधिगमकर्ता से संबधित है?**

(a) शिक्षक का मानसिक स्वास्थ्य और समायोजन स्तर

(b) अधिगमकर्ता की उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर

(c) शिक्षक की विषय पर पारंगतता

(d) अधिगम अनुभवों की प्रकृति

**50. एक छात्र हिन्दी कविता की आलोचनात्मक व्याख्या प्रस्तुत कर लेता है। उसका यह अधिगम व्यवहार किस अनुक्षेत्र में रखा जा सकता है?**

(a) संज्ञानात्मक अनुक्षेत्र

(b) संज्ञानात्मक एवं भावात्मक अनुक्षेत्र

(c) भावात्मक अनुक्षेत्र

(d) भावात्मक एवं मनोगतिक अनुक्षेत्र



| Answer Key | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(c) | 2.(d) | 3.(c) | 4.(a) | 5.(c) |
| 6.(b) | 7.(b) | 8.(c) | 9.(a) | 10.(d) |
| 11.(d) | 12.(a) | 13.(c) | 14.(a) | 15.(d) |
| 16.(a) | 17.(c) | 18.(c) | 19.(d) | 20.(c) |
| 21.(d) | 22.(c) | 23.(d) | 24.(d) | 25.(d) |
| 26.(a) | 27.(d) | 28.(a) | 29.(b) | 30.(b) |
| 31.(c) | 32.(c) | 33.(c) | 34.(c) | 35.(b) |
| 36.(d) | 37.(d) | 38.(c) | 39.(a) | 40.(b) |
| 41.(d) | 42.(c) | 43.(d) | 44.(d) | 45.(d) |
| 46.(d) | 47.(c) | 48.(c) | 49.(b) | 50.(a) |